>

Title: Need to provide basic passenger facilities at Kirakat railway station in Jaunpur in Machhlisahar Parliamentary Constituency.

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पहली बार शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया है, मैं इसके लिए आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं । इसके साथ ही अपनी लोक सभा क्षेत्र के मछलीशहर की जनता को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझको चुनकर देश के सबसे उच्च सदन में भेजा है । इसके साथ ही साथ अपने देश के यशस्वी प्रधान मंत्री और माननीय अमित शाह जी को भी धन्यवाद देता हूं, जिनके आशीर्वाद से मैं यहां तक पहुंचा हूं ।

अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मछलीशहर के केराकत रेलवे स्टेशन को पूर्ण रेलवे स्टेशन का दर्जा देने एवं निम्न वर्णित रेलगाड़ियों के ठहराव के संबंध में, मैं आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि किराकत तहसील, जौनपुर जिला मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है । यहां पर वर्ष 1903 से स्टेशन क्रियाशील है । पूर्व में किराकत स्टेशन पर लगभग सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं, लेकिन वर्तमान में वे सभी सुविधाएं बंद पडी हैं । जैसे ट्रेन में पानी भरने की टंकी, टिकट घर, पीने का पानी, शौचालय और ट्रेनों का ठहराव इत्यादि । इन सभी सुविधाओं को पुनः प्रारंभ करने के साथ ही साथ गाजीपुर-कटरा, गाजीपुर-आनंदविहार, सलायदह, छपरा-दिल्ली और मऊ-लखनऊ रेलगाड़ियों का किराकत रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की नितांत आवश्यकता है ।

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे अनुरोध है कि लोकहित के मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए उपरोक्त विषय पर सकारात्मक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को आदेश देने की कृपा करें ।